

**एक नजर में**

### उल्लास कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**गुना।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 20 सितंबर को आयोजित हुई साक्षरता परीक्षा परिणाम की पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री के लिये विगत दिवस शनिवार को गूगल मीट से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। परीक्षा में विकासखंड आरोन के 4413, बमोरी के 8114, चाचौड़ा के 9260, गुना के 6288 तथा राघौगढ़ के 5730 कुल 33,805 नवसाक्षर सम्मिलित हुए थे। जिनमें से परीक्षा परिणाम की एंट्री पोर्टल पर कुल 29,094 नव साक्षरों की ही हुई है। शेष बचे सभी शत प्रतिशत नवसाक्षरों के परीक्षा परिणाम की पोर्टल पर एंट्री 03 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश इस गूगल मीट से जुड़े सभी बीआरसीसी विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता एवं संकुल सह समन्वयक साक्षरता को दिए गए।

### साइबर अपराधों से बचने के सुझाव

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार के द्वारा अपने स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम तिल्लीखेड़ा में ग्रामीणों को साइबर जागरूकता हेतु नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक शेयरिंग, बैंक धोखाधड़ी आदि साइबर अपराधों के तरीकों की जानकारी दी गई एवं इन अपराधों से बचाव के उपाय भी समझाए गए। साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी, ह्रझक्क अथवा बैंक विवरण साझा न करें।

# नगरीय क्षेत्र, वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था ठप्प

## नगरपालिका अध्यक्ष ने प्रभारी सीएमओ को पत्र लिखकर जताई चिंता

नवभारत न्यूज

**गुना 5 अक्टू. का। शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री को पत्र लिखकर लेख किया है कि विगत तीन माह में लगातार कई बार मौखिक रूप से अवगत कराने के पश्चात तथा पार्षदों व आम नागरिकों द्वारा शिकायत करने के बाद भी विगत दो तीन माह से शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पा रही है।**



इस संबंध में विगत माह जैन समाज द्वारा भी इस संबंध में विरोध दर्ज कराया गया था, उसके बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं आए दिन समाचार पत्रों में भी स्वच्छता के संबध में निगेटिव समाचार आने से नगर पालिका गुना की छवि धूमिल हो रही है। नगरपालिका अध्यक्ष अपने पत्र में उल्लेख किया गया है कि विगत तीन वर्षों में जो भी सीएमओ गुना नगर पालिका में रहे हैं, तब भी ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई और न ही इतने शाखा परिवर्तन आदेश किसी भी सीएमओ द्वारा जारी किए गए जितने आदेश विगत तीन-चार माह में जारी किए गए।

उन्होने बताया कि संविदा श्रमिकों को इतनी जवाबदारी किसी भी सीएमओ ने नहीं दी। वर्तमान में देखने में आ रहा है कि किसी भी वार्ड के दरोगा को बदल दिया जाता है, सफाई कर्मचारियों को बिना किसी संज्ञान के इधर से उधर कर गया है, जिससे पार्षदों में भी असंतोष है। स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज आदेश दिनांक 01.09.2025 को श्री नितिन चंदेल उपयंत्री को दिया गया था, जिसे बदलकर अब नया आदेश दिनांक 03.10.2025 को स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार शिवराज सिंह सिकरवार (यूडीसी) को दिया गया है। इसी प्रकार संविदा श्रमिक अमन सोनी को वाहन प्रभारी का चार्ज दिया गया था, विगत दो माह पूर्व फर्जी हस्ताक्षर कर ट्रांसफर आदेश सीएमओ की तरफ से जारी करने के आरोप में अमन सोनी को बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद भी संविदा श्रमिक को जवाबदारी देने के आदेश जारी किए जा रहे हैं, डिफेंस जादौन को निकाय की चार शाखाओं का प्रभार दिये जाने के आदेश जारी किये गए जिनमें पीडब्लूडी शाखा, डीजल पेट्रोल शाखा, फायर ब्रिगेड शाखा तथा अतिक्रमण शाखा में स्पॉट फाइन में रखा गया है, जबकि इसके पूर्व एक भी शाखा में कोई भी जबावदारी नहीं दी गई थी। नियमित कर्मचारियों, अधिकारियों की अनदेखी की जा रही है, इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से कोई बात भी नहीं की जा रही। जबकि बिगड़ 3 वर्ष में पूर्व के चार सीएमओ नगर पालिका गुना में मेरे साथ कार्य कर चुके हैं, किसी भी आदेश पूर्व चर्चा कर ही आदेश जारी करते थे। कौन कर्मचारी अधिकारी कितने उपयोगी हैं, उनके अनुभवों का उपयोग करते हुए प्रभार दिया जाता था। थोड़ा बहुत तो अनुभव मुझे भी होगा, लेकिन इसके संबंध में चर्चा करना भी उचित नहीं समझती हो, तो तुम्हारा अधिकार है, लेकिन विगत दो-तीन माह में सफाई व्यवस्था इतनी खराब हो गई है जितनी पूर्व में कभी नहीं रही। सफाई को लेकर शहर के नागरिकों व पार्षदों में वर्तमान में काफी असंतोष है, मैं भी बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूँ। दीपावली का त्यौहार आने वाला है, सफाई व्यवस्था की जवाबदारी जिन अधिकारी कर्मचारियों को दी गई है उन्हें सख्त निर्देश दें कि शहर की के सभी 37 वार्डों की सफाई व्यवस्था अच्छे तरीके से प्रतिदिन संपादित हो, अन्यथा अपने अधिकारों का प्रयोग इस हेतु भी करें। साथ ही कचरा वाहन भी कई वार्डों में एक ही समय जा रहे हैं, कई वार्डों में दो-तीन दिन छोड़कर जा रहे हैं पार्षदों की शिकायत मिल रही है इस पर भी उचित कार्रवाही करें, जिससे नगर वासियों की समस्या का निराकरण हो सके। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता गुप्ता ने चिंता जताते हुए बताया कि त्यौहार आने वाले है नगर की स्वच्छता व्यवस्था ठीक नहीं है। ऐसे में नगरपालिका की छबि धूमिल हो रही है। शहर में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाए।

## कंचनपुरा गौशाला के पास जुए की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्यवाही

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत हाइवे किनारे प्रस्तावित कंचनपुरा गौशाला के पास जुए की सूचना पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 08 जुआरियों पर कार्यवाही की गई है। बीती शाम जिले के धरनावदा थाना क्षेत्रांतर्गत हाईवे किनारे प्रस्तावित कंचनपुरा गौशाला के पास कुछ लोगों के फड़ जमाकर तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर धरनावदा थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा पकड़ गए जुआरियों ने पूछताछ पर अपने नाम 1. गौमशी पुत्र राजेश कुमार जैन उम्र 24 साल निवासी तलैया मौहल्ला गुना, 2. अंशुल पुत्र अशोक कुमार जैन उम्र 31 साल निवासी चौधरी मौहल्ला गुना, 3. संदीप पुत्र जगदीश शर्मा उम्र 38 साल निवासी भार्गव कॉलोनी गुना, 4. श्यामपाल पुत्र भैयालाल पाल उम्र 22 साल निवासी तलैया मौहल्ला गुना, 5. चंद्रमोहन पुत्र शिवचरण ओझा उम्र 37 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना, 6-योगेश पुत्र महेश गोस्वामी उम्र 37 साल निवासी पठार मौहल्ला गुना एवं 07-चंचल पुत्र देवेन्द्र मीना उम्र 25 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना के होना बताये एवं भागे हुए अपने साथ का नाम रवि चंदेल निवासी गुना को बताया। पुलिस द्वारा मौके से कुल 18,600/-रूपये नकदी सहित 03 मोटर सायकिलें कीमती करीबन 1.50 लाख रूपये, 08 मोबाईल कीमती करीबन 01 लाख रूपये एवं तास की एक गड्डी कुल मशरूका कीमती लगभग 2,68,620/-रूपये का विधिवत जप्त कर जुआ खेल रहे सभी 08 जुआरियों के विरूद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 242/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। बीती शाम थाना क्षेत्र के ग्राम मुहाल कॉलोनी के एक खेत में जुए की सूचना पर दबिश देकर 11 जुआरियों पर कार्यवाही करते हुए 11,340/-रुपये नगदी सहित एक मोटर सायकिल व तास की गड्डी जप्त की गई है। पुलिस द्वारा मौके से 11,340/- रूपये नगदी सहित एक स्प्लेण्डर मोटर सायकिल कीमती करीबन 40 हजार रूपये और तास की एक गड्डी सहित कुल 51,360/-रूपये का विधिवत जप्त कर सभी 11 जुआरियों के विरूद्ध बमौरी थाने प्रकरण दर्ज किया।

## हवन-पूजन एवं पुरस्कार वितरण के साथ रामलीला का समापन



**गुना।** सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान में चल रही रामलीला का हवन-पूजन एवं पुरुस्कार वितरण के साथ समापन किया गया।ये रामलीला का 79 वा वर्ष था। इसके पूर्व 51 फुट ऊँचे रावण के पुतले के दहन के बाद, अखंड रामायण पाठ एवं पूर्णआहुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पन्नालाल शाक्य द्वारा कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं प्रसादी वितरण और भंडारे के साथ रामलीला का समापन हुआ। समिति द्वारा जिलाधीश, एसपी, जिला प्रशासन, पुलिस, नगरपालिका, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों और सभी सहयोगियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संयोजक गोविन्द सोनी, अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन (रूप श्री), प्रमोद अग्रवाल, ब्रजेश राठौर, दीपक सोनी कला निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़, पर्वत सिंह चौहान, निर्देशन महावीर जैन आदि मौजूद रहे।

### आज संबंधित क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही कुशमोदा सबस्टेशन पर पोस्ट मानसून मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 03 बजे तक 33 केव्ही कुशमौदा फीडर, रूचि सोया फीडर एवं नानाखेड़ी फीडर अंतर्गत 33 केव्ही उच्चदाब कनेक्शनों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 11 केव्ही कुशमौदा 1 एवं 2 फीडर अंतर्गत नई बस्ती, कुशमौदा, कुशमौदा गांव, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल, गांधी नगर, पोल्ट्री फार्म एवं नया औद्योगिक क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

## मूकबधिर को आश्रय देकर दिखाई मानवता की मिसाल



नवभारत न्यूज

**गुना। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। हाल ही में उन्हें एक मूकबधिर और निराश्रित व्यक्ति के बारे में सूचना मिली। तत्काल सक्रिय होते हुए भार्गव ने उस व्यक्ति को अपने पास लाकर पूछताछ की, लेकिन वह बोलने और सुनने में असमर्थ था, जिससे उसकी पहचान कर पाना कठिन हो गया।**

मानवता को सर्वोपरि रखते हुए प्रमोद भार्गव ने पहले उस व्यक्ति के कपड़े बदलवाए, दाढ़ी बनवाकर उसकी सफाई कराई, और फिर उसके घर का पता लगाने का प्रयास किया। कई कोशिशों के बावजूद जब कोई जानकारी नहीं मिल सकी, तो उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचित किया और इसके बाद उस व्यक्ति को अपने संचालित आश्रम शिवपुरी में भर्ती करा लिया।

अब वह व्यक्ति आश्रम में सुरक्षित है और उसकी चिकित्सा व देखरेख की जा रही है। प्रमोद भार्गव ऐसे ही बीमार, बेसहारा, बुजुर्ग और निराश्रित लोगों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे इस मूकबधिर व्यक्ति के परिजनों की तलाश भी कर रहे हैं ताकि उसे उसके परिवार से मिलाया जा सके।

## ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नवीन के लिए प्रवेश प्रारम्भ

नवभारत न्यूज

**गुना। ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गुना जिले का एक मात्र नर्सिंग महाविद्यालय है जिसमें सिंग पाठ्यक्रमों का संचालन विगत 18 वर्षों से सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मध्यप्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा नर्सिंग पाठयक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया हाल ही जो कि प्रारम्भ की गई। 2 अक्टूबर 2025 से 7 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है।**

जिसकी सीट ऐलोटमेंट लेटर 13 अक्टूबर 2025 तक प्राप्त होगा। चॉइस फीलिंग ओमकार नर्सिंग कलमकार कॉलोनी स्थित महाविद्यालय द्वारा निशुल्क किये जा रहे हैं इच्छुक विद्यार्थी अपनी चॉइस फीलिंग महाविद्यालय से निशुल्क करा सकते है। महाविद्यालय गुना जिले के ऐसे सभी विद्यार्थीयों को अवसर प्रदान करता है जो कि नर्सिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते है व भविष्य में उपलब्धियाँ प्राप्त करना चाहते है। उल्लेखनीय है हाल ही में मध्यप्रदेष आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय, जबलपुर द्वारा ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग गुना के विद्यार्थीयों को गोल्ड मेडल प्रदान किये गये है। और इसका श्रेय यहाँ के अनुभवी एवं विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों को जाता हैं। म.प्र. सहित देश के सभी राज्यों व केन्द्र में महाविद्यालय के नर्सिंग विद्यार्थी सी.एम.एच.ओ. व नर्सिंग स्टॉफ के वरिष्ठ पदों पर अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है। और महाविद्यालय को गौरान्वित कर रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और आधुनिक सुविधाओं के साथ नर्सिंग के क्षेत्र में जो छात्र अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते है। तो उनके लिए यह सुनहरा अवसर है वह महाविद्यालय के नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले।

### मानस भवन में रंग ए गजल कार्यक्रम हुआ

**गुना।** मानस भवन में बीती शाम जगजीत सिंह की स्मृति में रंग ए गज़ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गज़ल गायक शरद सक्सेना द्वारा साथी संगीत कलाकारों के साथ वाद्य यंत्रों पर गज़लों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य डॉ किशन यादव, कुलगुरु क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम का संयोजन अनंतम ग्रुप और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गुना (दिल्ली पंजीकृत) द्वारा किया गया।

### कल मानस भवन में अजमीढ़ जयंती महोत्सव मनेगा

**गुना।** श्रीमेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज गुना द्वारा कल 6 अक्टुबर सोमवार को मानस भवन में अपने पितृ पुरूष महाराजा अजमीढ़ देव की जयंती पूरे हर्षोल्लास से साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम में गुना एवं शिवपुरी जिलों के स्वर्णकार बंधु उपस्थित होंगे। समारोह की अध्यक्षता गोकुलचंद सोनी करेंगे। मुख्य अतिथि श्रीमती सुचिता प्रकाशचंद सोनी विदिशा होगी। विशिष्ट अतिथि अंकित सोनी पुलिस अधीक्षक एवं अमित सोनी डिप्टी कलेक्टर होंगे। इस अवसर पर महाराजा अजमीढ़ देव जी की महाआरती होगी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। समाज बंधुओ द्वारा चल समारोह भी निकल जाएगा जो नगर के मुख्य मार्ग से निकाला गया।

## एकल अभियान : रानी दुर्गावती जयंती उनके समर्पण को किया याद




**गुना। 5 अक्टूबर को देशभर में गोंडवाना साम्राज्य की महान शासिका रानी दुर्गावती जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में एकल अभियान अंचल गुना कार्यालय पर भारत की महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई।**

इस मौके पर भाग महिला समिति अध्यक्ष आशा रघुवंशी, एकल अध्यक्ष मनीष भार्गव एवं एकल सचिव विकास जैन नखराली द्वारा रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया साथ ही उनके सेवा और समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर अंचल महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, चम्बल भाग गतिविधि प्रमुख नारायण सिंह मीणा, चम्बल भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह, अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल गतिविधि प्रमुख पप्पू सिंह बंजारा, अंचल प्रा शिक्षा प्रमुख प्रद्युमन सिंह मीना, अंचल व्यास सोनू बंजारा सहित गुना अंचल के संच प्रमुख एवं व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती को याद करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती न केवल एक वीरांगना थीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और जनकल्याण के प्रति समर्पित शासक भी थीं। रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था। गोंडवाना साम्राज्य की इस महान रानी ने अपने जीवन में 52 युद्ध लड़े, जिनमें से 51 में विजय प्राप्त की। उन्होंने न सिर्फ अपने राज्य की रक्षा की, बल्कि जनकल्याण और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनका वीरतापूर्ण चरित्र इतिहास में हमेशा अमर रहेगा।

उन्होंने कभी भी किसी राजा, सम्राट या बादशाह की अधिनता स्वीकार नहीं की और अपनी अस्मिता के लिए बलिदान दे दिया। एकल सचिव विकास जैन ने बताया कि जयंती पश्चात एकल कार्यालय पर एकल मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें गत माह के कार्य की समीक्षा की गई साथ ही एकल विद्यालय ग्रामों पर आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई।

**गुना नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और संगठन की शक्ति से ओतप्रोत रहा है**

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में निकला विजयदशमी संचलन

नवभारत न्यूज

**गुना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में मनाए जा रहे विजयदशमी उत्सव के अवसर पर गुना नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और संगठन की शक्ति से ओतप्रोत रहा। गुना नगर के केशव उपनगर और श्रीराम उपनगर की विभिन्न बस्तियों से स्वयंसेवकों के अनुशासित पथ संचलन निकले। प्रत्येक संचलन में स्वयंसेवक भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ पूर्ण अनुशासन और उत्साह से नगर की गलियों से गुजरे।**



जब दोनों उपनगरों के संचलनों का संगम हुआ, तो यह दृश्य अत्यंत भव्य और प्रेरणादायी रहा। विभिन्न दिशाओं से आ रहे संचलनों का एक साथ मिलन देखकर नगरवासी अभिभूत हो उठे। संचलन मार्गों पर जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कई स्थानों पर राम जी की सेना चली जैसे गीतों पर साउंड सिस्टम के माध्यम से वातावरण भक्तिभाव से भर गया। माता-बहनों ने घरों के बाहर रंगोली, दीप और फूलों से मार्ग सजाकर सनातन संस्कृति का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया।

**समापन समारोह में धर्म और शक्ति का संगम**

बूढ़े बालाजी मंदिर हॉल में संपन्न समापन कार्यक्रम में संत सुरेश महाराज, उपनगर कार्यवाह दिनेश कुशवाहा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग संपर्क प्रमुख गोपाल स्वर्णकार मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गोपाल स्वर्णकार ने कहा कि भारत उत्सवों की भूमि है। हमारे देवता शस्त्र धारण करते हैं। क्योंकि उनका उद्देश्य विनाश नहीं, बल्कि संरक्षण और संस्कृति की रक्षा है। शक्ति के बिना शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए संघ शस्त्र और शास्त्र दोनों की साधना का संदेश देता है। डॉ. हेडगेवार ने विजयदशमी को स्थापना दिवस इसलिए चुना ताकि हर पीढ़ी में धर्म की विजय और अधर्म से संघर्ष की भावना सजीव रहे। उन्होंने कहा कि संघ आज विश्व के अनेक देशों में धर्म, संस्कृति और विश्वकल्याण की भावना से कार्य कर रहा है और शताब्दी वर्ष में संघ का लक्ष्य है हर हिंदू घर से एक स्वयंसेवक।

**श्रीराम उपनगर समापन समारोह में समाज की एकता का संकल्प**

नसिया जी, बिजी रोड पर हुए समापन में नगर संघचालक महेंद्र संधू, विजय जैन भारतीय जैन मिलन समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक तथा जितेंद्र गुर्जर अखिल भारतीय संगठन मंत्री, बनवासी मजदूर संघ उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जितेंद्र गुर्जर ने कहा कि विजयदशमी केवल सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट की शक्ति, समाज की एकता और संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिवस है। संघ समाज को संगठित, सशक्त और सम्राट बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। सनातन संस्कृति की यह परंपरा हमें बताती है कि जब-जब अधर्म बढ़ा है, तब धर्म ने स्वयं को संगठित कर विजय प्राप्त की है।

## कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत




**मधुसूदनगढ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में उत्साह और उमंग का वातावरण है। विजयादशमी के पावन पर्व पर मधुसूदनगढ़ मंडल में विशाल पथ संचलन निकाला गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री शैलेंद्र जी तिवारी मध्य भारत प्रांत के धर्म जागरण प्रमुख एवं मुख्य अतिथि शिवदयाल शर्मा सेवानिवृत शिक्षक रहे। शैलेंद्र ने अपने बौद्धिक में संघ की 100 वर्ष यात्रा के बारे में बताया तथा जीवन में शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलन बहुत आवश्यक है। चारों युगों में विजयदशमी पर्व का महत्व रहा है दशानन रावण जो इंद्रियों के भोग की पराकाष्ठा पर किस प्रकार दशरथ पुत्र श्री राम ने अपने 10 इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर रावण पर विजय प्राप्त की। शताब्दी वर्ष पर संघ के विचार और ध्येय को घर-घर पहुंचने में स्वयंसेवक सतत प्रयत्नशील रहे तथा संघ शक्ति कलयुगे का बोध कराया। तप तपस्या के सहारे इंद्र बनना तो सरल है स्वर्ग का ऐश्वर्या पाकर मद बुलाना ही कठिन है।

## रोटरी नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण, 36 मरीजों को मिलेगी नेत्र ज्योति

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंर्तगत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में श्री बाबूलाल एवं श्रीमती चंदा बाई चौधरी के स्वास्थ्य लाभ एवं सुखी दाम्पत्य जीवन की मनोकामना हेतु निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर रोटरी भवन गुना में रविवार को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया निःशुल्क नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉ अनिल पटेल एवं चिकित्सा दल द्वारा 150 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें शुगर, वीपी जांच कर उचित परामर्श दिया गया। जांच के दौरान 35 रोगियों का मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर श्री सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। जिनको मिलेगी नेत्र ज्योति। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ बाबूलाल जैन एवं रोटरी अध्यक्ष सी ए ब्रजेश अग्रवाल, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, सचिव राजकुमार मंगल, गिर्राज अग्रवाल, जगमोहन बंसल, देवेन्द्र रघुवंशी, श्रवण एवट, शंभूनाथ तिवारी, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं इंजी संजीव गर्ग, इंजी डी एन नीखरा, नरेंद्र पारस, प्रवीण सोमानी, इंजी अजय जैन व आशीष जैन द्वारा रोटरी के जनक पाल पी हेरिस एवं रनछोड़ दास जी महाराज एवं पूज्य माताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर सदगुरु कैंप इंचार्ज जीतू पाठक, नितेश सेन, डाल सिंह, मिलन बघेल, रणवीर बघेल सहित रोटरी सदस्यों ने शिविर में उपस्थित रहकर नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवाकार्य किया। शिविर संयोजक श्री जैन ने बताया की नेत्र शिवर में मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा वितरण के साथ-साथ उनके रुकने एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की गई।

